# समाचार वाणी

खबर जो करें असर !

नाशिक | Monday, 21 September 2026


# भारत और फ्रांस के सैनिकों का दोस्ताना मुकाबला, वायरल वीडियो मे दिखी जज्बे और ताकत की मिसाल।


Publisher

Published on 03 Jul 2025




## ‘शक्ति-VIII’ सैन्य अभ्यास के दौरान भारत-फ्रांस के जवानों ने दिखाया खेल भावना का बेहतरीन उदाहरण, सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो।

**पेरिस/नई दिल्ली :** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जहां दो देशों की सेनाएं आमने-सामने होती हैं, वहां अक्सर तनाव और रणनीति की बातें होती हैं, लेकिन फ्रांस में चल रहे **भारत-फ्रांस** के साझा सैन्य अभ्यास ‘**शक्ति-VIII**’ के दौरान कुछ अलग ही नजारा देखने को मिला।

सोशल मीडिया पर इन दिनों एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें भारत और फ्रांस के सैनिक किसी जंग के मैदान में नहीं बल्कि खेल के मैदान में आमने-सामने दिखाई दे रहे हैं। इस वीडियो ने दुनियाभर के नेटिज़न्स का दिल जीत लिया है।

**कैसा है वायरल वीडियो ?**

वीडियो फ्रांस के **कैपं लारज़ैक** (Camp Larzac) का है, जहां ‘**शक्ति-VIII**’ नाम का संयुक्त युद्ध अभ्यास चल रहा है। इस **युद्धाभ्यास** के दौरान गंभीर सैन्य गतिविधियों के बीच एक हल्का-फुल्का और दोस्ताना माहौल उस वक्त बना जब दोनों देशों के सैनिकों ने आपस में **रस्सी खिचाई (Tug of War)** का खेल खेला।

वीडियो में दोनों देशों के सैनिक अपनी-अपनी टीमों के साथ पूरी ताकत से रस्सी खींचते नजर आते हैं। सैनिकों के चेहरे पर **जीत का जुनून** और **खेल भावना** साफ नजर आ रही है।

**दोस्ती की मिसाल बनी सेना की एनर्जी**

अक्सर सैन्य अभ्यासों में ताकत और रणनीति दिखाई जाती है, लेकिन इस वीडियो में सैनिकों की टीम स्पिरिट और भाईचारे की भावना ने सोशल मीडिया पर अलग ही संदेश दिया है। कैमरे में कैद यह पल दिखाता है कि सेनाएं चाहे किसी भी देश की हों, उनके बीच सम्मान और मित्रता का भाव भी होता है।

युद्ध अभ्यास के बीच का यह फ्रेंडली गेम दोनों सेनाओं के बीच मजबूत होते रिश्तों की गवाही दे रहा है।

### किसकी हुई जीत?

कई लोग जानना चाहते हैं कि इस रस्साकशी के मुकाबले में कौन जीता?
वीडियो देखने पर साफ होता है कि दोनों तरफ से पूरी कोशिश की गई, लेकिन अंततः बाईं ओर खड़ी टीम ने जीत हासिल की।
दोनों टीमों में **भारत और फ्रांस** के सैनिक मिश्रित थे, इसलिए इसे किसी एक देश की जीत नहीं कहा जा सकता।

यह जीत सिर्फ खेल भावना और दोस्ती की थी, जो दोनों सेनाओं के रिश्तों को और मजबूत करती है।

### क्या है शक्ति-VIII अभ्यास?

'**शक्ति**' भारत और फ्रांस के बीच आयोजित होने वाला द्विवार्षिक **संयुक्त सैन्य अभ्यास** है, जिसका यह आठवां **संस्करण (VIII)** है। इसका उद्देश्य दोनों सेनाओं के बीच तालमेल बढ़ाना, **काउंटर-टेररिज्म ऑपरेशन** में सहयोग करना और सामरिक कौशल साझा करना है।

यह अभ्यास दोनों देशों की सेनाओं को एक-दूसरे की कार्यशैली और युद्ध तकनीकों को समझने का अवसर देता है।

### सोशल मीडिया पर लोगों की प्रतिक्रिया

यह वीडियो **ट्विटर, इंस्टाग्राम** और **यूट्यूब** जैसे प्लेटफॉर्म पर तेजी से वायरल हो रहा है। लोग दोनों देशों के सैनिकों की टीम भावना की तारीफ कर रहे हैं और इसे सैन्य कूटनीति का एक नया रूप कह रहे हैं।

https://samacharwani.com/wp-content/uploads/2025/07/India-france-army.mp4
कई यूजर्स ने लिखा है कि इस तरह के आयोजनों से देशों के बीच न केवल सैन्य बल्कि **सांस्कृतिक** और **सामाजिक संबंध** भी मजबूत होते हैं।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.